

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उच्च शिक्षा विभाग की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के सहकारिता, उच्च शिक्षा, दुग्ध विकास एवं प्रोटोकॉल राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने विधान सभा सभाकक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की बैठक की। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत मिट्ठी बेरी महाविद्यालय के भूमि हस्तानान्तरण में आ रही समस्या के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी हरिद्वार की मौजूदगी में राजस्व टीम व प्रभागीय वनाधिकारी हरिद्वार की टीम अपने–अपने दस्तावेजों के साथ 29 फरवरी को नोडल अधिकारी वनभूमि हस्तानान्तरण भारत सरकार के साथ दून में बैठक कर समाधान निकालेंगे।

### प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद

**संवाददाता** देहरादून। बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया और देर शाम चुनाव रिणाम की घोषणा की जायेगी। यहां बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठित चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष, एवं कार्यकारिणी के लिए सुबह मतदान शुरू हुआ और सभी प्रत्याशी मतदाताओं से अपने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए दिखाई दिये और अध्यक्ष पद पर मनमोहन कंडवाल, पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा बंटू सहित अन्य प्रत्याशी मैदान में है।

### तहसील दिवस का आयोजन तीन को

**संवाददाता** देहरादून। आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार 03 मार्च को तहसील ऋषिकेश में तहसील दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों तहसील दिवस में पूर्ण तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

# दून में स्थापित हुई आयकर अपीलीय अधिकरण की सर्किट बैंच

**शुभारम्भ**

जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर वाई–फाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने की भी घोषणा

उत्तराखण्ड पोस्टल सर्किल द्वारा तैयार की गई विशेष एलबम का भी अनावरण

**संवाददाता**

देहरादून। केन्द्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा गुरूवार को हरिद्वार बाई पास स्थित होटल में आयकर अपीलीय अधिकरण (आई.टी.ए.टी) की देहरादून सर्किट बैंच का मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस पी.पी. भट्ट की उपस्थिति में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड पोस्टल सर्किल द्वारा तैयार की गई विशेष एलबम का भी अनावरण किया गया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में केन्द्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उनका उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। दून में आई.टी.ए.टी. की सर्किट बैंच की स्थापना को राज्य हित में बताते हुए इसे आयकर अपीलार्थियों एवं अधिवक्ताओं के व्यापक हित में बताया। उन्होंने इस अवसर पर जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर वाई–फाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश को आर्थिक रूप से सशक्त बाने तथा विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिये जरूरी है कि सभी लोग ईमानदारी से टेक्स दें। उन्होंने कहा कि देश की 130 करोड़ की आबादी में मात्र 9 करोड़ लोग ही टेक्स देते हैं। एक करोड़ की आय दिखाने वाले 2 हजार प्राफेसनल हैं, जबकि पिछले चार साल में 2 करोड़ लोग विदेश गये। 2.50 करोड़ लोगों ने नई गाड़ी खरीदी, 10 लाख से ऊपर अपनी आय दिखाने वाले मात्र 50 हजार हैं, यह स्थिति सोचनीय है। हमें ईमानदारी से टैक्स देने की सोच बढ़ानी होगी।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा आयकर दाताओं के हित में बड़े निर्णय लिये है। अब 31 अक्टूबर के बाद किसी भी करदाता को नोटिस डिजिटल फार्मेट में ही भेजी जाएंगी। पेनाल्टी के निर्धारण के लिये तीन आयकर आयुक्तों की समिति बनाई गई है। 31 मार्च तक आई.टी.ए.टी. के तहत विभिन्न न्यायालयों में जितने भी केस लंबित है उसमें अपीलार्थी को मूल धनराशि ही जमा करनी होगी।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आईटीएटी की सर्किट बेंच को राज्य के लिये बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि इससे अपीलार्थियों एवं अधिवक्ताओं को बार–बार दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा तथा उनकी समय के साथ–साथ आर्थिक बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वकर निर्धारण की दिशा में आगे आना चाहिए तथा ईमानदारी के साथ अपना टैक्स अदा करना चाहिए। राज्य में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में भी स्वकर निर्धारण की व्यवस्थ बनायी है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के विकास में जागरूक नागरिकों द्वारा ईमानदारी के साथ टैक्स के रूप में दिये गये सहयोग की बड़ी भूमिका रहती है।



आईटीएटी की दून सर्किट बैंच का कानून मंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री एवं आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष की उपस्थिति में शुभारम्भ किया।

### सीएस ने की सप्तम आर्थिक गणना की राज्य स्तरीय को–आर्डिनेशन कमेटी की समीक्षा

**संवाददाता** देहरादून। गुरूवार को सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनगणना विभाग द्वारा आयोजित जनगणना से जनकल्याण 2021 विषयक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निदेशक जनगणना, भारत सरकार श्रीमती विम्मी सचदेवा रामन द्वारा जनगणना 2021 को सम्पन्न करने के लिए प्रथम एवं द्वितीय चरण की कार्ययोजना पर विस्तार से स्लाईड शो के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया।

निदेशक जनगणना, भारत सरकार श्रीमती विम्मी सचदेवा रामन द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 15 जून, 2020 तक प्रगणकों द्वारा किया जाना है। द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य 09 फरवरी से 28 फरवरी, 2021 तक पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के साथ ही राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अद्यतन का कार्य भी किया जायेगा। निदेशक द्वारा जनगणना कार्य हेतु विभिन्न स्तरों पर तैनात किये जाने वाले जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति कर्तव्य एवं मानदेय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### हरेला पर्व पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हरेला पर्व पर 16 जुलाई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने पर स्वीकृति दी है। पूर्व में इसे निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया था। इस वर्ष 23 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित मंथन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हरेला पर्व पर पूरे राज्य में एक ही दिन में व्यापक वृक्षारोपण किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके लिए हरेला पर निर्बन्धित अवकाश को सार्वजनिक अवकाश मे परिवर्तित किए जाने का निर्णय लिया गया था। अब हर साल हरेला पर्व पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि ''हरेला पर्व हमें प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ता है।

# सहकारिता मंत्री ने ली डेरी विकास विभाग की बैठक

**बैठक**

■ आँचल–अमूल के समझौतों के तहत तैयार किये जाने वाले उत्पादों का सीएम करेंगे शुभारंभ

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश के सहकारिता, उच्च शिक्षा, दुग्ध विकास एवं प्रोटोकॉल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में डेरी विकास विभाग की बैठक ली। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 मार्च को देहरादून में आंचल–अमृत योजना को मिड–डे–मील में शामिल करने के साथ ही आँचल–अमूल के मध्य हुए समझौतों के क्रम में तैयार किये जाने वाले विभिन्न उत्पादों का मुख्यमंत्री द्वारा विधिवत् शुभारम्भ किया जायेगा। महिला डेरी विकास परियोजना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की समीक्षा, पशु आहार व साईलेज के उत्पादन एवं विपणन, विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों व प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा के साथ ही राज्य में आंचल एवं अमूल के मध्य हुए परस्पर समझौतों के क्रम में तैंयार किये जाने वाले उत्पादों की जानकारी ली। डॉ. रावत ने अधिकारियों को डेरी विकास विभाग के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गते निर्माणाधीन कार्यों को नियत समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कार्यदायी संस्था 'उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फेडरेशन लिमिटेड' द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों की क्षमता 2.5 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ तक किये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये। पशु आहार निर्माण शाला द्वारा अर्जित लाभ में और अधिक वृद्धि किये जाने, राज्य के अन्तर्गत दुग्ध संघों की दुग्ध उत्पादन बकाया धनराशि का विवरण तैयार कर प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय मंत्री द्वारा दिये गये।



दीप प्रज्वलित कर युवा महोत्सव का उद्घाटन करते विधानसभा स्पीकर।




### आजीविका वृद्धि के बारे मे विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया

**संवाददाता** देहरादून। गुरूवार को सचिवालय सभागार में हिमोत्थान सोसाईटी (टाटा ट्रस्ट) द्वारा आयोजित 13वीं राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें हिमोत्थान परियोजना के विषय विशेषज्ञों ने महिला स्वंय सहायता समूहों की संगठित सदस्यों द्वारा संचालित पशुपालन, कृषि, पर्यटन, शिक्षा एवं खेलकूद, पेयजल आदि कार्यक्रमों से की जा रही आजीविका वृद्धि के बारे मे विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया। मुख्य सचिव ने सोसाईटी द्वारा संचालित जल जीवन मिशन, स्प्रिंग शेड मैनेजमेंट कार्यक्रम में टिहरी एवं पिथौरागढ़ जनपद में समन्वय कर कार्य किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न स्वंय सहायता समूहों द्वारा उत्पादित स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता एवं एकीकरण कर उसे बाजार दिलाने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिये।

### बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय एथलेटिक्स एण्ड फिटनैस क्लब की एक आवश्यक बैठक क्लब के अध्यक्ष जीएस भाकुनी जी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।